संभ्रांत महिला रेलगाड़ी से कुछ चीजें बाहर फेंकती जा रही है तब सहयात्री और संभ्रांत महिला के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें।

उत्तर:

संहयात्री : यह आप क्या फेंक रही हैं?

महिला : मैं.......?

सहयात्री : हाँ.... हाँ.......

महिला : तुम देखते नहीं?

सहयात्री : इसलिए तो पूछता हूँ।

महिला : ये तो बीज हैं।

सहयात्री : बीज?

महिला : हाँ... हाँ... फल-फूलों के बीज हैं।

सहयात्री : इनको खिड़की से क्यों फैंकती हैं?

महिला : इनमें कुछ जड़ पकड़ लेंगे।

सहयात्री : तो फिर?

महिला : तब फायदा होगा।

सहयात्री : फायदा? किस प्रकार?

महिला : फूलेंगे, फलेंगे।

सहयात्री : तब?

महिला : मनुष्य के लिए उपयोगी होंगे।

सहयात्री : अरे बापरे! आप तो महान कार्य कर रही हैं।

महिला : यह लो....आप भी फेंकिए।

सहयात्री : हाँ...... हाँ..... दीजिए।